जिला कलक्टर से मुलाकात कर लॉकडाउन के दौरान ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श और दवाओं की होम डिलीवरी की दी जानकारी -“आयु” और “सेहत साथी” ऐप का दिया प्रजेन्टेशन

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
LK-07-04-2020-14.docx (http://103.203.138.54/news/205761/document/LK-07-04-2020-14.docx)

DESCRIPTION

जिला कलक्टर से मुलाकात कर लॉकडाउन के दौरान ऑनलाइन
चिकित्सकीय परामर्श और दवाओं की होम डिलीवरी की दी जानकारी
-“आयु” और “सेहत साथी” ऐप का दिया प्रजेन्टेशन

जयपुर, 7 अप्रेल। जिला कलक्टर डॉ.जोगाराम से मंगलवार को मैड़कार्डस कंपनी के प्रतिनिधि श्री अमन कुमार झा ने मुलाकात कर आमजन को चिकित्सक या दवा की दुकान तक जाने में आने वाली मुश्किल के समाधान के रूप में कम्पनी द्वारा विकसित किए गए एप ''आयु'' की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस ऐप के जरिए रजिस्टर्ड चिकित्सकों से ई-परामर्श के अलावा दवाइयों की होम डिलीवरी भी पाई जा सकती है। ''गूगल प्ले स्टोर'' पर उपलब्ध इस ऐप पर मेडिकल रिकॉर्ड भी अपलोड किया जा सकता है।

श्री झा ने बताया कि ई-परामर्श की मांग करने पर बाद ऐप के बैक एण्ड से डॉक्टर की जानकारी दी जाएगी। फिर डॉक्टर कॉल कर रोगी के लक्षणों के आधार पर दवाइयां लिखता है। दवा पर्ची भी फोन पर ही उपलब्ध हो जाएगी। इससे लोगों को ऑनलाइन मेडिकल सुविधा एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की सुविधा एक ही जगह उपलब्ध हो सकेगी और उन्हें घंटों लाइन में खड़े नहीं होना होगा और भौगोलिक दूरियां भी खत्म हो जाएंगी।

श्री झा ने बताया कि जिस तरह आयु घर बैठे चिकित्सकीय परामर्श के काम आ सकता है उसी तरह प्ले स्टोर पर उपलब्ध दूसरे ऐप ''सेहत साथी'' पर मेडिकल स्टोर्स भी स्वयं को रजिस्टर्ड करा सकते हैं। इसके लिए मेडिकल स्टोर्स दुकान की फोटो और आईडी अपलोड कर स्वयं को वेरिफाई कर सकेंगे। ऐप के जरिए मेडिकल स्टोर संचालक सीधे लोगों से बात या चैट के माध्यम से दवाइयों के ऑर्डर ले सकेंगे। डॉक्टर्स भी स्वयं doctors.medcords.com रजिस्टर करा सकते हैं।